आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 26.12.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, आज नई दिल्ली में सत्रह बच्चों को 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' प्रदान करेंगी।
- प्रशासन द्वारा आज सुनामी की बीसवीं वर्षगांठ मनाई जाएगी।
- सांसद बिष्णु पद रे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर द्वीपों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।
- कल से बहुप्रतिक्षित पांच दिवसीय द्वीप पर्यटन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।
- द्वीप पर्यटन उत्सव को देखते हुए यातायात के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, आज नई दिल्ली में सत्रह बच्चों को 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' प्रदान करेंगी। सात श्रेणियों में असाधारण उपलब्धियों के लिए चयनित ये बच्चे चौदह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से हैं।

<><><><><><><>

दो हजार चार की विनाशकारी सुनामी की बीसवीं वर्षगांठ प्रशासन द्वारा आज अबरडीन अंडमान वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित सुनामी स्मारक,, में मनाई जाएगी। उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देने के लिए स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे, जिसके बाद अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित होंगे। इस अवसर पर स्मारक पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। दक्षिण अंडमान के सहायक आयुक्त ने एक अपील में आम जनता, पी आर आई, विभागाध्यक्षों, अंडमान और निकोबार प्रशासन के अधिकारियों, कर्मचारियों से अनुरोध किया है कि वे दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देने के लिए सुबह साढ़े सात बजे तक स्मारक पर मुख्य समारोह में शामिल हों।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने हाल ही में अपने नई दिल्ली दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और द्वीपों के लम्बित पड़े मुद्दों से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने अनिम्स में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी, पचास मेगावाट एल एन जी पावर प्लांट का नवीनीकरण, अनिम्स का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में विलय सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने उठाए गए मुद्दों का जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार ने कल कैम्पबेल–बे के दक्षिणतम छोर इंदिरा प्वाइंट का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों और विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक में ज़िला परिषद प्रमुख ई एस राजेश ने कैम्पबेल बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में अल्ट्रासाउंड मशीन की कमी, मरीजों के लिए निःशुल्क हवाई टिकट की अनुपलब्धता, नारियल के लिए एम एस पी और भूमि के लिए सर्कल रेट बढ़ाने जैसे विभिन्न मुद्दों से उन्हें अवगत कराया। गोविन्द नगर पंचायत प्रधान वेंकट राव, लक्ष्मी नगर पंचायत प्रधान प्रहलाद सिंह और कैम्पबेल–बे पंचायत प्रधान रामेश्वरी ने भी अपने–अपने क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मुद्दों को मुख्य सचिव के समक्ष रखा।

<><><><><><><>

बहुप्रतीक्षित द्वीप पर्यटन महोत्सव कल से इक्तीस दिसंबर तक श्री विजयपुरम के आई टी एफ ग्राउंड, में संस्कृति, विरासत और विकासात्मक गतिविधियों के जीवंत उत्सव के साथ आगंतुकों को लुभाने के लिए तैयार है इसमें भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे विकास की कहानियां सुनाने वाले मंडप भी होंगे। आई टी एफ के दौरान कुछ मुख्य आकर्षणों में भारत भर के प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा शास्त्रीय, अर्ध–शास्त्रीय और लोक संगीत और नृत्य के सांस्कृतिक प्रदर्शन शामिल होंगे, जबकि स्थानीय सांस्कृतिक संगठनों को भी मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के स्थलों में वी आई पी रोड पर मुख्य आई टी एफ ग्राउंड, वंडूर, विम्बर्लीगंज, स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप, और दक्षिण अंडमान में हट–बे, उत्तर और मध्य अंडमान में बाराटांग, रंगत, लॉन्ग आइलैंड, मायाबंदर और डिगलीपुर, निकोबार द्वीप समूह में कार निकोबार, नानकौड़ी और कैंपबेल–बे शामिल हैं।

कार्यक्रम में पद्म विभूषण उस्ताद अमजद अली खान द्वारा सरोद वादन, कलामंडलम मोहन कृष्ण द्वारा ओथनथुलई नियाज़ी ब्रदर्स द्वारा कव्वाली, पंडित राजेंद्र गंगानी द्वारा कथक, हास्य कवि सम्मेलन, दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के कलाकारों द्वारा प्रदर्शन और डॉ. पद्मजा वेंकटेश द्वारा भरतनाट्यम प्रस्तुत किया जाएगा। इस बीच, बहुप्रतीक्षित 'द्वीप पर्यटन महोत्सव'की मेजबानी की तैयारियाँ चल रही हैं। आई टी एफ का मुख्य स्थल आई टी एफ ग्राउंड इस आयोजन के लिए गतिविधियों से भरा पड़ा है। आम जनता को पांच दिवसीय महोत्सव और, भोजन व सांस्कृतिक उत्सव का आनंद लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

<><><><><><><>

द्वीप पर्यटन उत्सव को देखते हुए यातायात के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। कल से इक्कतीस दिसम्बर तक हयात सिंह जंक्शन से रविन्द्र बांग्ला विद्यालय जंक्शन तक की सड़क को वन–वे घोषित किया गया है। यह व्यवस्था शाम तीन बजे से रात्रि दस बजे तक रहेगी। इस दौरान हयात सिंह जंक्शन से वी आई पी रोड की ओर दुपहिया वाहन को छोड़कर किसी और वाहनों को जाने की अनुमति नहीं होगी। रविन्द्र बांग्ला विद्यालय जंक्शन से आई टी एफ की ओर किसी भी भारी वाहन को जाने की अनुमति नहीं होगी। भारी वाहनों को जंगलीघाट या पुलिस लाईन के मार्ग से जाना होगा। द्वीप पर्यटन उत्सव के दौरान चार पहिया वाहनों के लिए एयरपोर्ट के अंदर, आई टी एफ मैदान के पीछे, गुरू मंदिर जंक्शन से आई टी एफ मैदान की बाईं ओर, हयात सिंह जंक्शन से जंगलीघाट के पुराने सी सी एस जंक्शन तक दाईं ओर और ज़िला परिषद कार्यालय पार्किंग में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। आर सी एस और शिक्षा निदेशालय के सामने, गुरू मंदिर जंक्शन से आई टी एफ की दाईं ओर, हयात सिंह जंक्शन से जंगलीघाट के पुराने सी सी एस जंक्शन तक बाईं ओर दुपहिया वाहनों को पार्क करना होगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में दैनिक वेतनभोगी सहित सभी छः अधिसूचित कर्मियों के न्यूनतम भाड़े में संशोधन किया गया है। उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने इसे अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है, जो एक जनवरी से लागू हो जाएगी। तीनों ज़िलों में अकुशल मजदूरों के लिए न्यूनतम भाड़ा प्रतिदिन छः सौ इकतालीस रूपए निर्धारित किया गया है। अर्ध–कुशल और अकुशल सुपरवाइज़री के लिए सात सौ बाईस रूपए, जबकि कुशल और लिपिक वर्ग के लिए आठ सौ पैंतालीस रूपए तथा उच्च कुशल श्रेणी के लोगों को अब प्रतिदिन नौ सौ अट्ठाईस रूपए के हिसाब से न्यूनतम दरें प्राप्त होंगी। न्यूनतम भाड़े में संशोधन का विवरण श्रम विभाग की वेबसाइट में उपलब्ध है।

सभी प्रतिष्ठान निजी और सरकारी विभागों को निर्देश दिया गया है कि वे संशोधित दरों का पालन करे, आदेश न मानने पर न्यूनतम मजदूरी अधिनियम उन्नीस सौ अड़तालीस और संबंधित नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय महिला खाद्य परिषद की ओर से आज शाम तीन बजे मीठाखाड़ी जंक्शन में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के किसान एरलांडी को सम्मानित भी किया जाएगा।

<><><><><><><>

गणतंत्र दिवस मनाए जाने के सिलसिले में दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक ज़िला कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आज सुबह दस बजे से आरंभ होगी। बैठक में मार्चिंग दलों, झांकियों और अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी।

<><><><><><><>

एम वी नालंदा की लिटिल अंडमान और कार निकोबार होते हुए ननकौड़ी की कल की यात्रा के समय में बदलाव किया गया है। अब यह जलयान कल, दिन में ग्यारह बजे के बजाय रात्रि नौ बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>